Reg. No. :- JH-11-0004329
अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
APEM LIVE NEWS सच का साथी
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 31-10-2022 अंक 387
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ बरही में शांति व सौहार्द वातावरण में संपन्न, उदीयमान सूर्य को दिया अर्घ्य

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देते श्रद्धालु

बरहीडीह में सूर्य को अर्घ्य को देते छठ व्रती

लसकरी में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देते छठ व्रती

अर्घ्य के बाद मो कयूम वा दशरथ यादव

उगते सूर्य को अर्घ्य देते टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देते जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव

खैरोन छठ घाट

पंचमाधव

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देते विशाल कुमार एवं उनके परिजन

विजैया में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ व्रती

उगते सूर्य को अर्घ्य देते जेएमएम नेता विनोद विश्वकर्मा

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

चार दिवसीय लोक आस्था एवम लोक उपासना का महापर्व छठ बरही में शांति एवम सौहार्द वातावरण में संपन्न हो गया। सोमवार को बरही के विभिन्न छठ घाटों एवम तालाबों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। तीन दिनों से निर्जला उपवास करने वाली छठव्रती सोमवार को पारन की। बरहीडीह का प्राचीन छठ घाट में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने छठ माता की पूजा की। सोमवार को आस्तचालगामी सूर्य एवम सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर सुख समृद्धि की कामना की। बरहीडीह प्राचीन नदी घाट को इस बार बेहतर ढंग से सजाया गया था। नदी के किनारे चेंजिग रूम भी बनाए गए थे। कोबरा के द्वारा पानी की व्यवस्था की गई थी। छठ पूजा समिति के माध्यम से लाइट सज्जा की व्यवस्था की गई थी। पंडित रामलखन शर्मा ने छठव्रतियों को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराई। इस बार अधूरा पड़ा सूर्यमंदीर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भगवान सूर्य एवम उनका रथ की प्रतिमा भी लगाई गई थी। भक्तजन पहली बार सूर्यमंदिर की परिक्रमा कर आनंदित महसूस किए। इसकी व्यवस्था मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजसिंह चौहान के द्वारा किया गया था। पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था मुखिया मो शमशेर आलम के देख रेख में संपन्न हुआ। हजारीबाग रोड में हर साल की भांति इस बार भी गुप्ता परिवार की ओर से रबड़ी वितरित की गई। इसमें कृष्णा गुप्ता एवम पूरे गुप्ता परिवार का योगदान रहा। इधर बराकर नदी घाट, कारीआतपुर, कोरियाडीह, बिजैया, लसकरी, कोयली, बेंदगी, गौरियाकर्मा, खोड़ाहर, भंडारों, सूर्यमंडिर घाट बरही, म्लकोको, बरही अनुमंडल सहित लगभग बरही के सभी गांवों में छठ मनाया गया। छठ पूजा को देखते हुए प्रशासन के द्वारा सुरक्षा एवम ट्रैफिक की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था की गई थी। छठ पूजा पर विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा नेत्री साबी देवी, बिनोद विश्वकर्मा, अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के कपिल प्रसाद केशरी, मुकेश कुमार गुप्ता, डॉ अनिल कुमार, डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ संगीता चौधरी, कृष्णा यादव, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कयूम, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह, सचिव महेंद्र दुबे, संजय दुबे, भगवान केशरी, कृष्णा गुप्ता, शैलेंद्र स्वर्णकार, रमेश ठाकुर, विकास चौरसिया, प्रमुख मनोज रजक, मुखिया धनवार राजेंद्र प्रसाद, बीरेंद्र कुमार, शिवशंकर लाल, विजय कुमार आदि ने शुभकामनाएं दी है।

दिनांकः 31-10-2022

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

गुप्ता परिवार ने 1500 छठ व्रतियों के बीच किया राबड़ी का वितरण

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

आप सभी को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
गुप्ता इम्पोरियम
गुप्ता साड़ी इम्पोरियम
गुप्ता किराना स्टोर
गुप्ता वस्त्रालय
गुप्ता मार्बल हाउस
के० डि० इंटरप्राइजेज
9304726780, 9162230246
GUPTA SAREE EMPORIUM
गुप्ता वस्त्रालय

छठ पर राबड़ी वितरण करते गुप्ता परिवार

सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाने वाले बरही का गुप्ता परिवार हर साल की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा के अवसर पर सोमवार सुबह 1500 छठ व्रतियों के बीच राबड़ी का वितरण किया । वहीं गुप्ता परिवार से जुड़े कृष्णा गुप्ता ने बताया की छठ लोक आस्था का महापर्व है। जहां सूर्य की आराधना की जाती है। जिसे हिंदू धर्म में विशेष स्थान प्राप्त है। हिंदू धर्म के देवताओं में सूर्य ही ऐसे देवता है। जिन्हे मूर्त रूप में देखा जा सकता है। छठ में सूर्य के साथ साथ दोनो शक्तियों की संयुक्त आराधना होती है। सूर्य देवता एवम छठ माता के पूजा अर्चना के लिए राबड़ी वितरण किया गया। वितरण कार्य में गुप्ता परिवार के शकुंतला देवी, कृष्ण कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, नरेश कुमार, प्रमोद कुमार, करण कुमार गुप्ता, कुणाल कुमार गुप्ता, देव कुमार, ध्रुव कुमार, संतोष कुमार, लक्ष्मी कुमारी एवं रिया कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इंदिरा गांधी व वल्लभ भाई पटेल के विचार आज भी प्रासंगिक : अब्दुल मनान वारसी

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

कॉंग्रेस प्रखण्ड कार्यालय
बरही, हजारीबाग

कांग्रेस कार्यालय बरही में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि शहादत दिवस व लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गयी। कांग्रेसियों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। इस अवसर पर प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि आयरन लेडी इंदिरा गांधी एवं सरदार पटेल के बनाए हुए भारत में आज किसान नौजवान वर्तमान सरकार की कुरीतियों से पीड़ित है। कहा कि इंदिरा जी ने अपना पूरा जीवन देश की एकता एवं अखंडता को कायम रखते हुए सेवा भाव से बिताया। उनके बताए हुए रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर विस विधायक प्रतिनिधि छब्बू गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, पंसस मो तैयब, अशोक कुमार सिंह, तोखन रविदास, यमुना यादव, मो कलीम, संतोष निषाद उर्फ सोनू बाबा, मिथिलेश सिंह, मिथिलेश कुमार उपाध्याय, छोटी ठाकुर सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

बरही से लुप्त हो रहे है समाजसेवी : रिंकी विश्वकर्मा

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

रिंकी विश्वकर्मा

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के नाम से हि रोम-रोम पुलकित हो उठ्ता है मन नतमस्तक हो जाता है। सक्रिय महिला समाजसेवी रिंकी विश्वकर्मा ने बताया की पिछ्ले साल जब चुनाव का समय था तब छठ व्रतियों को आने जाने में परेशानी न हो उसके लिए कार्पेट बिछाया गया था। जगह जगह समाजसेवियों ने अपने नाम का शुभकामना संदेश का बैनर लगवाए थे। परंतु चुनाव सम्पन्न होते ही इस बार की छठ पूजा में पिछले साल वाली व्यवस्था नहीं दिखी। पिछले साल बड़ी-बड़ी बैनर, पोस्टर बना कर चौक, चौराहे, गली मोहल्ले में ऐसे लगा रहे थे जैसे की पंचायतवासियों की एक आवाज सुनकर तुरंत आ जायेंगे। लेकिन वही लोग समाजसेवी बैनर पोस्टर लगवाना तो दूर जिन समाजसेवियों ने पिछले साल छठ व्रतियों के लिए कार्पेट की व्यवस्था करवाई थी। उन्होंने वैसे लोगो से कहा की क्या आपका समाजसेवी सिर्फ चुनाव तक ही सीमित है। । क्या यह समाजसेवी चुनाव तक ही समाज सेवा करना चाहते हैं। यह उन समाजसेवियों के लिए एक बड़ी सवाल है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की अब देखना है की 2024 विधानसभा में कितने जनप्रतिनिधि समाजसेवा करते है और कितना बैनर लगवाने की मात्र समाजसेवा करते है। कितने जनप्रतिनिधि आते है गरीबों के मदद के लिए और बैनर पोस्टर लगवाने के लिए।

SANTOSH HD VIDEO
PHOTO FRAME
9122596053
passport photo 5 mints

गौरियाकरमा आईसीएआर छठ घाट में छठव्रतियों को हो रही परेशानी से बरही विधायक ने दिलाया निजात, छठ व्रतियों ने दिया अर्घ्य

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही प्रखण्ड के गौरियाकरमा आईसीएआर परिसर में बनें छठ घाट में छठ व्रतियों को अर्घ्य देने से विश्वविद्यालय ने मना कर दिया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी बरही विधायक उमाशंकर अकेला को दी। उन्होंने आईसीएआर के डायरेक्टर व स्थानीय पुलिस प्रशासन से वार्ता करते हुए छठ व्रतियों की परेशानियों को देखते हुए कहा कि फिलहाल छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हों। इसका ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को नजर अंदाज करके कोई भी प्रबंधन संस्थान नही चला सकता है और छठ पर्व हिंदुओं का सबसे पवित्र त्योहार है। इस खुशी में छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि जनता के सवाल को लेकर मैं हमेशा मुखर रहा हूँ और आगे भी रहूंगा।मौके पर पम्मी देवी, महेश यादव, अर्जुन यादव, विकास यादव, रवि यादव, बिनोद यादव, बालकिशुन यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बीएसए ट्रस्ट की हुई बैठक खेल उपकरण खरीदने को लेकर बनी सहमति

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही प्रखंड परिसर स्थित बरही स्पोर्ट एसोसिएशन कार्यालय में सोमवार को बरही स्पोर्ट एसोसिएशन ट्रस्ट की औपचारिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य ट्रस्टी अब्दुल मन्नान वारसी एवं संचालन सचिव बलराम केसरी ने किया। बैठक में खेल सामग्री खरीदने को लेकर कई विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में कई निर्णय लिए गए जिसमे सहयोग राशि संग्रह के लिए रसीद छपवाना, खेल सामग्री में क्रिकेट बोलिंग मशीन खरीदने पर सबकी सहमति बनी, दो रोलर का निर्माण करना, नए सदस्यों को ट्रस्ट से जोड़ना सहित बीएसए भवन निर्माण को लेकर विधायक मद से आने वाली राशि का किस प्रकार खर्च करना है आदि कई विषयों पर चर्चा हुई एवं महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मौके पर मुख्य ट्रस्टी अब्दुल मनान वारसी, सचिव बलराम केसरी, कार्यकारी अध्यक्ष नौशाद आहमाद, सदस्य मणितोष यादव, शिवकुमार ठाकुर, धर्मपाल केशरी, अनिल कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

गणपति वस्त्रालय
नोटः साड़ी, सूट, जीन्स, टी-त्रर्ट, मेन्स वियर, लेडिज वियर एण्ड किड्स वियर
मो0- 7250441600, 7488155104
चौरसिया मार्केट, धनबाद रोड, बरही

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ पर्व सम्पन्न

लोक आस्था का महापर्व में उमड़ा श्रद्धालुओं की भीड़

Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy A12

अपेम लाइव : संतगांवा

सतगावां प्रखण्ड के विभिन्न छठ घाटों पर भगवान भास्कर को छठव्रतियों ने अर्ध्य दिया।चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ सम्पन्न हुआ ।सभी छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी चहुंओर छठ गीत से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।मालूम हो की विगत कई वर्षो से छठ में कोरोना वायरस की वजह से काफी कम लोग ही घाटों पर छठ पर्व मनाया।प्रखण्ड के शिवपुर घाट,कटहरा घाट,समलडीह घाट,माधोपुर,नरायडीह ,टे. हरो, मीरगंज, नावाडीह, तमोलिया,खुट्टा,नारायडीह समेत दर्जनों छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई।हालांकि सभी छठ घाटों पर प्रशासन के तरफ से पुख्ता इंतजाम देखा गया।वहीं मजिस्ट्रेट के रूप में डीएसओ प्रमोद राम,बीडीओ बैधनाथ उराँव,पुलिस इंस्पेक्टर नि. रंजन उरांव,थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैध सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी छठ घाट पर अंतिम समय तक मौजूद रहे जिनके साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मी और डoक्टर भी मौजूद रहे।एहतिहात के तौर पर एम्बुलेंस की सेवा भी उपलब्ध रही।वहीं सतगावां थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैध अपने दलबल के साथ सभी छठ घाटों का निरीक्षण करते दिखे।सरकार की गाइडलाइन बदलने के बाद श्रद्धालुओं में काफी उमंग देखी गई।ढोल,बाजा गाजा के साथ लोग नाचते हुए छठ घाट पर पहुंचे जहां रविवार को विभिन्न छठ घाटों पर अस्ताचल भगवान भास्कर को छठव्रतियों ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया वहीं सोमवार को उदयीमान भगवान भास्कर को छठव्रतियों ने अर्ध्य दिया गया और साथ ही साथ मुंडन का कार्यक्रम भी खूब हर्षोलास से किया गया।र. विवार को बासोडीह बाजार में फलों की बिक्री अपने जोरों पर रहा।सुबह से ही खरीददार फल खरीदते देखे गए।हालांकि सभी दिन की अपेक्षा फलों का दाम अधिक रहा।वहीं बासोडीह बाजार में भी काफी भीड़ देखी गई।

ब्रह्मा विद्या विहंगम ने किया सप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में सोमवार को साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन महेश प्रसाद के अध्यक्षता में किया गया। जहां स्वागत गान, मंगल गान, उदघोष एवं माल्यार्पण सामूहिक रूप से किया गया। ज्ञान गुदड़ी किशोर सिंह, स्वर्वेद पाठ कृष्ण गुप्ता, प्रवचन डo महेश प्रसाद, प्रार्थना, आरती एवं शांति पाठ सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर डॉ महेश प्रसाद, कृष्णा कुमार गुप्ता, उपेंद्र पांडेय, किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह, रवींद्र सिंह, प्रमोद कु गुप्ता, पप्पू राम, राजदेव सिंह, अनमोल राणा, ममता देवी एवं सिकंदर सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे।

पूर्व विधायक ने उदयगामी सूर्य को दिया अर्घ्य, सुख शान्ती व समृद्धि का किया कामना

श्रद्धा, उल्लास और सूर्य देवता के प्रति अटूट आस्था का संगम का है छठ पूजा : मनोज यादव

अपेम लाइव : चौपारण
किशोर राणा

उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ धूमधाम से संम्पन्न हुवा। 36 घण्टे का निर्जला उपवास को छठ व्रतियों ने तोड़ा। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने ताजपुर शिवमंदिर स्थित छठ तालाब पहुँचकर उदयमान सूर्य को अर्घ्य दिया और क्षेत्र में सुख शान्ती व समृद्धि की कामना किया। पूर्व विधायक ने कहा कि छठ पर्व ऐसा पर्व है जिसमें कोई कर्मकांड नहीं है, केवल श्रद्धा है, उल्लास है, सूर्य देवता के प्रति अटूट आस्था है, जिसका अनूठा रूप पूरे त्यौहार के दौरान 4 दिनों तक जगह-जगह दिखता है। छठ पूजा वास्तव में भारत की वि. विधता भरी संस्कृति की उस प्राचीन सामाजिक परंपरा का हिस्सा है जिसकी गूंज अब देश ही नहीं विदेशों में भी है। दुनिया के कोने-कोने में जहां-जहां हिन्दुस्तानी लोग हैं, वहां छठ की छटा जरूर देखने को मिल रही है। देश के भी कोने-कोने में उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक, हर जगह छठ पर्व की रौनक देखने को मिल रही है। छठ पूजा सम्पन्न होने के बाद पूर्व विधायक ने चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी सहित चौपारण निवासी अजय केशरी, दिलीप राणा, ईश्वरी यादव, रितेश सिन्हा, प्रदीप स्वर्णकार, केंदुआ निवासी संजय राणा, उदय राणा, जगदीश यादव, रामवतार प्रजापति, सहित दर्जनों कार्यकर्ताओ के घर पहुँच कर छठ पूजा का प्रसाद ग्रहण किया।

विष्णुगढ़ के सदारो में सड़क दुर्घटना में बाइकसवार युवक की मौत

अपेम लाइव : विष्णुगढ
मिथिलेश गोल्डी



विष्णुगढ़-गोमियां रोड़ में सदारो मोड़ के समीप सोमवार को सड़क दुर्घटना में बाइकसवार युवक की मौत हो गई। वहीं, बाइक पर बैठा एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक बोकारो जिला के चतरोचट्टी थानान्तर्गत चिदरी गांव के रहने वाले थे। बताया जाता है कि चिदरी निवासी सुनील कुमार एवं धीरज कुमार पिता सुगन साव बाइक लेकर अपने घर चिदरी से गोमियां जा रहे थे। इसी दौरान सदारो मोड़ के पास बाइक के एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक इलाज के लिए विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को शेख भिखारी मेडिकल कoलेज एंड हॉस्पीटल हजारीबाग रेफर कर दिया। एंबुलेंस से हजारीबाग ले जाने के क्रम में सुनील कुमार की रास्ते में मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंचे। परिजनों की करूण चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।

शान ए पंजाब
अमृतसर ढाबा, पंचमाधव, बरही
शुद्ध शाकाहारी
VISHAL- 7583922295, 7979714204, HOTEL - 9113710236

ROSHAN COMPUTER INSTITUTE
BARHI 2018
Add : Hazaribag Road (Near Pani Tanki), Barhi
These classes are going on...
COMPUTER | SPOKEN ENGLISH
COMPETITION CLASS
Arts & Commerce
Demo class is going on...
DIRECTOR :-
RAKESH ROSHAN
Call : 9110908004

दिनांक: 31-10-2022

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

छठ घाट पर उमड़े श्रद्धालु

छठ पूजा समिति ने किया भंडारा का आयोजन

OPPO Reno7 Pro 5G
Anil press 2022.10.30 16:56

अपेम लाइव : बरकट्ठा

सुनिल कुमार

बरकट्ठा लोक आस्था का महापर्व छठ महापर्व के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न छठ घाटो पर आस्था का समुद्र उमड पडा ।बरकट्ठा प्रखण्ड का प्रमुख व प्रसिद्ध बेलवा नदी छठ घाट बरदबोही नदी छठ घाट, परबता नदी छठ घाट, बरवा नदी छठ घाट, सलैया बरसोती नदी छठ घाट, कोशो नदी छठ घाट,बेलकपी तालाब छठ घाट, बंडासिंघा छठ घाट, शिलाडीह छठ घाट पर सैकडो श्रद्धालुओ ने भक्तिभाव से उदयीमान व अस्तलाचमी भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया मौके पर घाट पर विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख रेणु देवी, पूर्व जीप उपाध्यक्ष चन्दन देवी,पंसस प्रीति गुप्ता व पूर्व मुखिया बसंत साव उपस्थित रहकर भगवान भाष्कर से क्षेत्र की मंगल कामना की सबो ने व्रतियों का आशीर्वाद भी लिया वही श्रदालुओ के सुविधा के लिए सार्वजनिक छठ पूजा समिति की ओर से सार्वजनिक भंडारे की व्यवस्था की गई थी बरकट्ठा के युवको के अतुलनीय योगदान से छठव्रती युवकों को आशीष दे रहे है । बेलवा नदी छठ घाट पर आकर्षक विद्युत सज्जा का प्रदर्शन ने श्रद्धालुओ को मोहित कर दिया साथ ही तस्वीर खिचाने की भीड हो गयी फोटोग्राफरों ने अस्थाई दुकान भी खोल ली । बरकट्ठा छठ घाट से लेकर चौक बाजार रोड ब्लौक मोड परबता मे विद्युत सज्जा का उदाहरण प्रस्तुत किया । सबो ने युवको के प्रयास की सराहना की ।इनमे प्रमुख रुप से पूजा समिति के अध्यक्ष बिंदु सोनी , सचिव संतोष साहनी, कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता, राजन विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, कुंदन वर्मा, विनोद सोनी, प्रदीप सिंह, दीपक सोनी, राहुल सोनी, अजीत सोनी, अशोक गुप्ता, शेरा गुप्ता, विकास विश्वकर्मा, गणेश सोनी, पीयूष दास, चंदन रजक, राजेश यादव, अजीत यादव, अजीत मंडल, बिट्टू मोदी, रामजी मंडल, मोनू मंडल, सचिन सोनी, अजय विश्वकर्मा,राहुल गुप्ता, छोटू विश्वकर्मा, सुमन सोनी, जगदीश दास, कैलाश दास,किशोर दास, प्रकाश सोनी, गुड्डू गुप्ता अजीत गुप्ता ईश्वर सिंह अनिल विश्वकर्मा सुमन गुप्ता राज गुप्ता शंकर यादव नीरज सोनी विक्की सोनी गुड्डू सोनी मंटू सिंह अमित कुमार गुप्ता ,संजय कुमार,,मोनु कुमार, मनोज विश्वकर्मा, सुमन, सुबोध, सुनील कुमार ,पप्पू दास, रतन कुमार, अजय कुमार विक्रम, सोनू,गुड़ा का सराहनीय योगदान रहा ।

चार दिवसीय आस्था महापर्व छठ शांतिपूर्ण हुआ संपन्न

अपेम लाइवः बडकागॉव

अमित मालाकार

Amit Ranchi Express

बड़कागांव : प्रखंड मे चार दिवसीय आस्था एवं सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा श्रद्धा के साथ लोगों ने मनाया । प्रखंड में तक. रीबन 3000 घरों में छठ महापर्व की गई । इस दौरान छठ घाटों आधुनिक लाइट से भव्य सजावट किया गया था। बड़कागांव सूर्य मंदिर को खूब सजावट की गई थी पानी के फव्वारा आकर्षक झरना लगाया गया था। कई घाटों पर पूजा समितियों के द्वारा भक्ति जागरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया था। महापर्व सोमवार के प्रातः कालीन उदयीमान सूर्य देव भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। प्रखंड के सभी पंचायतों में श्रद्धालु छठ व्रतियों ने अपने निकटतम जलाशयों पर जाकर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और अपनी मन्नतें मांगी। नव जागृति युवा क्लब छठ पूजा समिति चेपकला, एवं बड़कागांव पूजा कमेटी के द्वारा नदी छठ घाट की साफ–सफाई तथा वहां तक आने–जाने के रास्तों को सुगम बनाया गया था। घाट पर उपस्थित लोगों ठंड को देखते हुए पूजा कमेटी के द्वारा आग की व्यवस्था कराई गई थी। छठ घाट तक आने जाने के लिए साफ–सफाई से लेकर लाइटिंग की व्यवस्था पूजा कमेटी के द्वारा जो की गई थी वह देखते ही बनती थी। चेपा कला छठ घाट पर उदय मान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद उस प्रतिमा को भी पूजा अर्चना किया और आशीर्वाद मांगे जो भगवान भास्कर के प्रतीकात्मक रूप में रथ पर सवार श्री नारायण की प्रतिमा बनाकर पूजा अर्चना की जा रही थी। पंडाल में स्थापित मूर्ति की पूजा अर्चना आचार्य जी के द्वारा कराया जा रहा था।पूजा को शांति पूर्वक संपन्न कराने और सुरक्षा व्यवस्था को चाक–चौबंद और दुरुस्त बनाए रखने के लिए बड़कागांव और डाडी कला थाना प्रभारी , विनोद तिर्की एवं मणिलाल सिंह के द्वारा प्रतिनियुक्त पुलिस बल भी काफी तत्पर और चौकस नजर आए।

पत्रकार एवं पुलिस प्रशासन ने मिलकर सड़कों की साफ–सफाई एवं पानी का छिड़काव की

अपेम लाइवः बडकागॉव

अमित मालाकार

बड़कागांव : लोक आस्था का पर्व छठ महापर्व को लेकर पत्रकारों एवं पुलिस प्रशासन की टीम के द्वारा सड़कों की साफ–सफाई की गई। श्याम ग्लास दुकान से लेकर आरके इन्फोटेक, विनोद म०ल होते हुए बड़कागांव मुख्य चौक टंडवा रोड फल दुकान तक साफ सफाई एवं पानी का छिड़काव की गई। थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने खुद घंटों रहकर साफ–सफाई पानी छिड़काव मे अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व स्वच्छता का पर्व है, उक्त पर्व में सभी लोगों को अपने अपने योगदान देना चाहिए ताकि पुण्य की प्राप्ति हो सके। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की, वरिष्ठ पत्रकार दीपक सिन्हा, बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश कु ठाकुर, मोहम्मद शमशेर आलम, विकास रंजन, रियासत हसन, संजय सागर, प्रदीप कुमार, बेलाल सगीर, रेहान फजल पंकज ठाकुर के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

विष्णुगढ़ के छठ घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

सांसद जयंत सिन्हा ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

अपेम लाइव : विष्णुगढ

मिथिलेश गोल्डी

REDMI NOTE 8 PRO MAX
AI DUAL CAMERA

विष्णुगढ़ के भास्कर धाम में अर्घ्य देते सांसद जयंत सिन्हा

लोक आस्था का महापर्व छठ विष्णुगढ़ और इसके आसपास के इलाकों में उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ भक्तिभाव से संपन्न हो गया। रविवार की शाम को छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी तथा सोमवार की सुबह में उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इस मौके पर प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जुटी। श्रद्धालुओं ने भी भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। विष्णुगढ़ के उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी भास्कर धाम में छठ महापर्व को लेकर सबसे अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा भी भास्कर धाम पहुंचे और कई छठव्रतियों के सूप पर अर्घ्य देकर क्षेत्र की तरक्की, खुशहाली एवं संपन्नता की कामना की। सांसद भास्कर धाम का अवलोकन कर काफी मंत्रमुग्ध हुए। उन्होंने लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। भास्कर धाम में विहिप एवं बजरंग दल द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। घाट पर सूर्य मंदिर कमेटी समेत विभिन्न समाजसेवी, राजनीतिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के सेवादारों द्वारा छठव्रतियों की सेवा एवं सुविधा के लिए कई तरह के स्ट०ल लगाए गए थे। जिसमें नारियल, दूध, दही आदि वितरित किए जा रहे थे। छठ घाट जाने वाले सभी मार्गो में रौशनी की व्यवस्था की गई थी। विष्णुगढ़ के अलावा बनासो, चानो, गोविन्दपुर, नरकी, सारुकुदर, गैड़ा, खरना, भेलवारा, कुसुंभा, नागी, खरकी, गाल्होबार आदि गांवों में भी छठ को लेकर लोगों में काफी उत्साह एवं उल्लास देखा गया। सभी घाटों पर छठव्रतियों ने अर्घ्य दिया।

किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक ने चेपा कला छठ घाट का फीता काटकर उद्घाटन किया

अपेम लाइवः बडकागॉव

अमित मालाकार

बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला गांव में आयोजित छठ पूजा महापर्व पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने फीता काटकर शुभारंभ किया। पंकज महतो ने छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दी और बोले इस पर्व को सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके शुरू किया था। कहा जाता है कि कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों तक पानी में खड़े होकर उन्हें अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। छठ पूजा करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है। सुख समृद्धि और शांति प्राप्त होती है। आगे कहा कि चेपाकला पंचायत की सड़क लगभग पंद्रह साल से पूरी जर्जर है, विधायक को इस पर ध्यान देना चाहिए। बड़कागांव विधानसभा की जनता लगभग पंद्रह वर्षो से परेशान है। मौके पर उप. स्थित चेपाकला मुखिया अनिकेत नायक, अध्यक्ष योगेंद्र कुमार, सचिव केदार राणा, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, उपाध्यक्ष सदानंद कुमार, संयोजक सुनील कुमार महतो, प्रमोद साहू, उपेंद्र साहू, दिनेश्वर महतो, प्रकाश ठाकुर, संतोष सिन्हा, रंजन शर्मा, भूपेंद्र साव, कृष्णा गंजू, मंटू सुरेंद्र महतो, गोपाल महतो, मनोज नायक, अनिल महतो के के अलावा रामकुमार प्रजापति कॉलेशवर साव, विनोद कुशवाहा, अनुज यादव इत्यादि लोग उपस्थित थें।

APEM LIVE

APEM LIVE NEWS सच का साथी

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

विष्णुगढ़ में सांसद जयंत सिन्हा ने किया छठ घाट का उद्घाटन

अपेम लाइव : विष्णुगढ
मिथिलेश गोल्डी

विष्णुगढ़ के भास्कर धाम में छठ घाट का उद्घाटन करते सांसद जयंत सिन्हा

विष्णुगढ़ के जमुनियां नदी भास्कर धाम में सांसद जयंत सिन्हा ने नवनिर्मित छठ घाट का उद्घाटन रविवार को नारियल फोड़कर किया। इसके बाद उन्होंने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अभी भास्कर धाम के सौंदर्यीकरण के लिए चार नए सीढ़ीनुमा घाटों का निर्माण कराया गया है। आने वाले वर्षों में यहां और भी छठ घाटों का निर्माण कराया जाएगा। भास्कर धाम के सुंदरीकरण के लिए और भी कई कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा निर्माणाधीन सूर्य मंदिर के निर्माण में भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। छठ के पावन मौके पर पहुंचे सांसद का भाजपा कार्यकर्ताओं समेत सूर्य मंदिर निर्माण कमेटी के सदस्यों ने जोरदार अभिनंदन किया। भास्कर धाम की छटा देख सांसद काफी प्रभावित हुए और लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव, मांडू विस सांसद प्रतिनिधि बिपिन सिन्हा, मंडल अध्यक्ष केबी मंडल, शंभुनाथ पांडेय, सुशील मंडल, शंकर स्वर्णकार, युगल स्वर्णकार, आनंद राम, रामेश्वर सिंह, नवलकिशोर वर्मा, राजेन्द्र सिंह, जगदीश बर्मन, प्रयाग सोनी, सुरेश भगत समेत कई लोग शामिल थे।

खाद आपूर्ति पदाधिकारी ने प्रखंड के कई छठ घाटों का किया निरीक्षण

अपेम लाइवः बडकागॉव
अमित मालाकार

आस्था का महापर्व छठ पूजा बड़कागांव में बड़ा धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड के नदी और तालाबों में लोग डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। रविवार संध्या छठ की पहली अर्घ्य के दिन प्रखंड कृषि सह खाद आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन ने प्रखंड के कई छठ घाटों का निरीक्षण किया एवं बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला पीपल नदी छठ घाट में डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया और कहां की छठ पूजा हिंदू समाज के लिए बहुत आस्था का पूजा है, इस पूजा को करने से लोग मनोवांछित फल पाते हैं। मौके पर मुख्य रूप से खाद आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन, एसआई चनेश्वर किस्कू, बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ठाकुर, पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार, मुखिया मो. हम्मद तकरीमुल्लाह, किसान परवीन मेहता, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, सुभाष ठाकुर, नवीन ठाकुर, महंगू ठाकुर, मोहम्मद मजहर, शर्तेद्र गुप्ता इत्यादि थे।

स्वास्थ्य ही धन है ! ॥ सर्वे सन्तु निरामयः ॥ हमारा प्रयास बेहतर ईलाज !!

JHNH

जीवन हेल्थ नर्सिंग होम
NH-2, लस्करी मोड़,
नियर लोक नायक फैमिली रेस्टुरेंट
रसोईया धमना, बरही - 825405 (ह.बाग)

Reg. No.- 2036000613

प्रिय सज्जनों,
अपार हर्ष के साथ आप सबों को सूचित किया जाता है कि आपके नजदीक जी. टी.रोड, लस्करी मोड़ (रसोईया धमना), बरही में जीवन हेल्थ नर्सिंग होम खुल गया है, जहाँ सभी तरह के बिमारियों का ईलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा होता है।

24/7 Emergency Services

हमारे यहाँ उपलब्ध सुविधाएँ
- OXYGEN
- NEBULIZER
- E.C.G.
- X-RAY
- Computrized Lab
- AMBULANCE

खाँसी, सर्दी, जुकाम, मलेरिया, टाईफाइड, डेंगू, कोविड, टी.बी., हड्डी फैक्चर, गठिया, वाद, माइग्रेन, लकवा, हड्डी दर्द, सर्वाइकल स्पोण्डोलिसिस, फ्रोजेनसोल्डर, कमर दर्द, स्कीन डिजीज इत्यादि का सफल ईलाज कुशल डॉक्टरों द्वारा किया जाता है।

नोट : हमारे यहाँ सभी तरह के ऑपरेशन एवं सुरक्षित प्रसव कुशल डॉक्टरों द्वारा किया जाता है जैसे अॅपेन्डिक्स, वाबासीर, हर्निया, हाइड्रोसिल, पथरी, बच्चेदानी इत्यादि।

नॉर्मल डिलेवरी की विशेष सुविधाएँ उपलब्ध है।

दिनांक 01 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2022 तक
डा. एम. एम. खान द्वारा प्रत्येक रविवार O.P.D. एवं Sugar (मधुमेह) जाँच Free (मुफ्त)

Dr. Rahul Kumar
MBBS.(Bangalore)
General Physician & Surgeon
Ranchi, RIIMS

Dr. M.M. Khan
MBBS.(Delhi)
DTMH (Kolkata)
Reg. No.-44230

Dr. M.M. Khan
24 Hrs
Available

Dr. R. Kumar
MBBS.(Maharashtra)
General Physician & Child specialist.
Sadar Hospital, Koderma

Dr. Ajay Kr. Akela
MBBS.(Col.)
General Physician
Work Experience : PMCHB, Patna

BLOOD TEST
CBC SUGAR L.F.T. K.G.T.
LIPID PROFILE THYROID
TUBERCULOSIS URINE R/E
STOOL R/E & OBT ELECTROLYTES
SEMEN ANALYSIS P.TIME

NH-2, लस्करी मोड़, नियर लोक नायक फैमिली रेस्टुरेंट, रसोईया धमना, बरही
मोबाइल : 7903856586, 9931874590

☎ 8809224003
Keshri Electronic
Patna Road, Barhi
Email ID :- kp_keshri@yahoo.co.in
PAN No. :- BRRPA7461G
Owner - Priyanka

बरही में पहली बार
मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स
सामानों एवं फर्नीचर
पर फाइनांस की सुविधा।

*0% ब्याज EMI

BAJAJ FINSERV

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार